पत्रांक–2/टी–03/2025–
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

कुमार रवि,
सचिव।

सेवा में,

निदेशक, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना
सभी प्राचार्य/अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार
सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार
सभी नियंत्री पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक / /2026

विषयः– आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान निर्बाद्ध स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के अवकाश स्वीकृति के संबंध में दिशा–निर्देश।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दीपावली के अवसर पर पटाखों से जलने, आँख में चोट, आगजनी की घटनाओं तथा वायु प्रदूषण के कारण श्वसन रोगियों की संख्या में वृद्धि होती है। छठ महापर्व के दौरान नदी, तालाब एवं छठ घाटों पर भारी भीड़ रहती है, जिससे डूबने, भगदड़ होने, व्रतियों के बेहोश होने, ठंड लगने तथा सर्पदंश की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

2. अतः इस अवधि में निर्बाद्ध स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिया जाता है कि आगामी दीपावली से छठ महापर्व की अवधि यथा– **दिनांक–06.11.2026 से 17.11.2026 तक** सभी चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, पारामेडिकल एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों (संविदा नियोजित सहित) का अवकाश (विभाग द्वारा स्वीकृत अवकाश को छोड़कर) सामान्य स्थिति में अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अवकाश केवल सक्षम प्राधिकार की पूर्व स्वीकृति से ही दिया जा सकेगा। कोई भी पदाधिकारी/कर्मी सक्षम प्राधिकार के अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

3. अनुरोध है कि आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर निर्बाद्ध स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के अवकाश स्वीकृति के संबंध में दिये गये उक्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

2638(2)
5/11/26

विश्वासभाजन,
ह०/–
(कुमार रवि)
सचिव

Desk-02>Dhan>Draft>letter>Vikas>26

ज्ञापांक–2/टी–03/2025– 26038(2) पटना, दिनांक 5/1/2026

प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, बिहार, पटना/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बी०एम०एस०आई०सी०एल०, पटना/सभी संबंधित अपर निदेशक (मुख्यालय में पदस्थापित)/सभी प्राचार्य, क्षेत्रीय स्वा० एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार/सभी क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, बिहार/सभी प्राचार्य/अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/राजकीय तिब्बी महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना/राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार/निदेशक, आई०जी०आई०एम०एस०, शेखपुरा, पटना/लोकनायक जय प्रकाशनारायण हड्डी अस्पताल, राजबंशीनगर, पटना/आई०जी०आई०सी०, पटना/न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, पटना/राजेन्द्रनगर अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल, पटना/मानसिक आरोग्यशाला, कोईलवर, भोजपुर/फिल्ड डिमोन्सट्रेशन सेन्टर, राजगीर/यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, दरभंगा एवं पटना/लोक स्वास्थ्य संस्थान, पटना/बिहार रक्त अधिकोष, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना/बिहार रक्त अधिकोष, जयप्रभा अस्पताल, कंकडबाग, पटना/सभी अधीक्षक/उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल/ सदर अस्पताल/गुरूगोविन्द सिंह सदर अस्पताल. पटना सिटी. पटना/ संक्रामक रोग अस्पताल, अगमकुआँ, पटना/लेडि एल्गिन जनाना अस्पताल, गया/एम०जे०के० अस्पताल, बेतिया/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द/रेफरल अस्पताल, बिहार/स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत चिकित्सकों/स्वास्थ्य कर्मियों के सभी नियंत्री पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/मुख्यालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

5/1/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी।